# रंगदारी का पैसा काम के हिसाब से आपस में बांटते थे बदमाश

## अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद बदमाशों द्वारा व्यापारियों, नेताओं सहित अन्य लोगों को धमकी देकर रंगदारी वसूलने का मामला

**जयपुर** (कासं)। अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद बदमाशों द्वारा व्यापारियों, नेताओं सहित अन्य लोगों को धमकी देकर रंगदारी वसूलने जाने वाले रुपयों का बंटवारा टका यानि प्रतिशत के हिसाब से होता था। जेल में बैठकर धमकी देने वाले मुख्य सरगना अपने पास 40 टका रखता था। बाकी रुपयों का बंटवारा उनके काम के हिसाब से होता था।

इस मामले में पीड़ित से रुपये लाने वाले को 10, मोबाइल व हथियार जेल तक पहुंचाने वाले को 10 टका दिया जाता था। जेल प्रहरी और जेल में बंद सरगना को सुविधा देने के नाम पर उन्हें 20 और गैंग के बाकी सदस्यों को 20 टका रुपये दिए जाते थे। जेल में बैठा सरगना बाकायदा हर माह के रुपयों को लेकर टारगेट तय करता था।

इसके बाद बड़े व्यापारियों के साथ, कारोबारियों सहित अन्य की तलाश की जाती थी। इसके बाद जेल में बैठकर सरगना मोबाइल से धमकी देकर रुपयों की मांग करता था। धमकी के बाद गैंग के सदस्य पीड़ित के घर या रास्ते में उसे रोक रंगदारी की बात करने के साथ धमकी देकर जाते थे। इसके बाद पीडित रुपये देना कबूल लेता है, तब गैंग का अलग सदस्य जाकर उससे रुपये लेकर आता है। रुपये नहीं देने पर उस पर जानलेवा हमला

- **गिरफ्तार गैंग के सदस्यों के बैंक खातों को पुलिस खंगाल रही है**

सहित अन्य प्लानिंग की जाती थी। पुलिस ने बताया कि इस गैंग के पास अलग-अलग सोर्स से रुपये आते थे। यह रुपये बैंक खातों के साथ नकदी और अन्य माध्यम के रूप में भी होते है। हर माह 10 से 30 लाख रुपये तक की रंगदारी वसूलने की योजना रहती थी।

पीड़ित के रुपये नहीं देने पर उसकी और उसके परिवार के सदस्यों की रैकी की जाती थी। ताकि जरुरत के हिसाब से पीड़ित को धमकाने के लिए उसका उपयोग किया जा सके। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गैंग के पास अलग-अलग माध्यमों से रुपये पहुंचते थे। इस मामले में गैंग के सदस्यों के बैंक खाते खंगाले जा रहे है।

फिलहाल एक दर्जन से अधिक खातों की जानकारी मिली है। इन खातों की बैंक से जानकारी मांगी जा रही है। इसके अलावा आरोपितों से पूछताछ कर हथियारों को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

गैंग के सदस्य कहां से और कितने में हथियार खरीदकर लाते थे। इसके लिए आरोपितों के पास मिले मोबाइल की भी जांच की जा रही है। इन मोबाइल्स को एफएसएल टीम के पास जांच के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

### अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से पकड़े गए बदमाश तीन दिन के रिमांड पर

**जयपुर**। अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद बदमाशों द्वारा व्यापारियों,नेताओं सहित अन्य को धमकी देकर फिरौती वसूलने के मामले में चित्रकूट थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए सभी आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने पूछताछ के लिए के लिए सभी आरोपियों को तीन दिन का पुलिस रिमांड सौंपा है। अब पुलिस की पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

चित्रकूट थानाधिकारी जहीर अब्बास ने बताया कि इस मामले में सुमित यादव निवासी रेवाड़ी हरियाणा, विक्रम सिंह उर्फ कालू निवासी कोटपूतली, जीतराम चौधरी उर्फ जितेन्द्र निवासी अजमेर, साहिल शर्मा निवासी भिवानी हरियाणा, राकेश जांगिड उर्फ राहुल निवासी पीपलू टोंक, गंगाराम गुर्जर निवासी धूधरा जयपुर रोड, मनोज सिंह उर्फ प्रियांशु चौधरी निवासी भरतपुर, रामस्वरूप चौधरी निवासी महावीर कॉलोनी किशनगंज अजमेर, नरेश कुमार निवासी बाडमेर, विक्रम सिंह निवासी मण्डावरा नागौर, पवन जांगिड़ निवासी लाडपुर नागौर को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से इनकों तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि अजमेर हाईसिक्योरिटी जेल में बंद बदमाशों द्वारा व्यापारियों, नेताओं सहित अन्य को धमकी देकर फिरौती वसूलने के खेल में शुक्रवार को गोगामेडी मर्डर केस में बंद सुमित यादव, दो जेल कर्मचारियों सहित 11 बदमाशों को अरेस्ट किया है। जेल में बंद बदमाशों तक जेल कर्मचारियों की मिलीभगत से मोबाइल व अन्य साजो सामान पहुंचाया जा रहा था।

### जयपुर में स्वाइन फ्लू के अब तक 17 मरीज मिले

**जयपुर**। प्रदेश में मौसम बदलने के साथ ही मौसमी बीमारी अपने पैर फैला रही है। इस वक्त स्वाइन फ्लू और लेप्टोस्पायरोसिस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार अभी तक जयपुर में स्वाइन फ्लू में 17 और श्रीगंगानगर में 21 सक्रिय मामले मिले हैं। राज्य के 10 जिलों में लेप्टोस्पायरोसिस के 32 केस मिले हैं। स्वाइन फ्लू और लेप्टोस्पायरोसिस बढ़ते हुए आंकड़ों को देखकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने कहा, शुक्रवार को हमने 424 टेस्ट किए थे, जिनमें से केवल 7 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये सभी 7 माइल्ड लक्षण वाले मरीज हैं, जिनका इलाज घर पर संभव है। उन्होंने कहा कि लोगों को मास्क पहनना चाहिए। यात्रा करने से बचना चाहिए। समस्या होने पर जांच करानी चाहिए।

माथुर ने कहा, लेप्टोस्पायरोसिस चूहों के मूत्र से फैलता है। प्रदेश के 10 जिलों में अब तक लेप्टोस्पायरोसिस के 32 मामले सामने आए हैं। हालांकि अभी तक किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। इससे बचने के लिए सबसे जरूरी चीज साफ सफाई है।

### छात्रा से ठगी

**जयपुर**। मालवीय नगर इलाके में नौकरी के नाम पर एक छात्रा से 1.17 लाख रुपए ठग लिए। एमएनआईटी कॉलेज छात्रा सुनिधि ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास वॉट्सअप पर मैसेज आया कि आपको नौकरी का एक अवसर देना चाहते है। पंजीकरण के नाम पर छात्रा से रकम ठग ली गई।

### परशुरामजी की शोभायात्रा के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण



राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें 11 मई को निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा के लिए आमंत्रित किया।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर की ओर से भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा 11 मई को निकाली जायेगी। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को निमंत्रण भी दिया गया।

शनिवार को राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संरक्षक एस.डी.शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष आर.एस.जैमिनी, जयपुर महानगर अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा, महामंत्री शिवकुमार भारद्वाज, उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा और हेमंत शर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर निमंत्रण दिया और कार्यक्रम के बारे में सभी जानकारियां दी। मुख्यमंत्री ने शोभायात्रा में शामिल होने का आश्वासन दिया। महामंत्री शिवकुमार भारद्वाज ने बताया कि यह शोभायात्रा 11 मई को शाम 5.30 बजे जलेब चौक से शुरू होकर बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता से त्रिपोलिया बाजार होती हुई छोटी चौपड़ पर जाकर संपन्न होगी। जहां पर श्रद्धालु भगवान परशुराम की महाआरती करेंगे।

### इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक की तैयारियां जोरों पर

**जयपुर**, (का.सं.)। वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर होने वाली इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक का आयोजन जयपुर सहित देश विदेश के 25 शहरों में 19 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम का पोस्टर पहले ही लॉन्च किया जा चुका है। अब कार्यक्रम के एंबेसडर की लिस्ट जारी की गयी है। एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ.संदीप जैन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऑक्सफ़ोर्ड से आलोक शर्मा, लंदन से दिलीप पुंगलिया, मैनचेस्टर से सुमन भाटी नरूका और न्यूयॉर्क से डॉ.मीनल शुक्ला को एंबेसडर बनाया है।

देश में राजधानी दिल्ली से इमरोज खान एवं डॉ.मुकेश कुमार, मुंबई से श्याम लाटा, बैंगलुरू से सूरज कुमार, गुरूग्राम से डॉ.किरण छील्लर, नासिक से आलोक दुबे, नागपुर से दीपक गोधानी, लुधियाना से आशीष कुमार, कोटा से अमित शर्मा, जोधपुर से संदीप टांक, बाड़मेर से ब्रजेश ओझा, बहादुरगढ़ (हरियाणा) से दीपक छिल्लर, भावनगर से हस्ती ओझा व ध्याना ओझा को एंबेसडर नियुक्त किया गया है। वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के सह संस्थापक और आईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर पर अवेयरनेस के तहत 70 दिवसीय अवेयरनेस कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 मई को जोधपुर, कोटा, दिल्ली, नागपुर, बैंगलुरू, गुरूग्राम, लुधियाना, भावनगर सहित ऑक्सफ़ोर्ड, लंदन, मैनचेस्टर और न्यूयॉर्क सहित देश विदेश के 25 शहरों में इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन जयपुर में भी जयपुर हैरिटेज वॉक का आयोजन होगा जिसमें शहरवासी 3 किमी. की वॉक कर स्वस्थ रहने का संदेश देंगे।

### प्रदेश में अगले 2-3 दिन लू चलने की संभावना

**जयपुर**। राजस्थान में अब तेज गर्मी बढ़ने लगी है और आगामी दो-तीन दिनों में अधिकतम तापमान में और 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने एवं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सात मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान में 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने एवं जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं लू चलने की संभावना है। सात मई को जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। इसी तरह आठ मई को भी जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, कोटा एवं बारां जिलों में कहीं-कहीं लू की संभावना है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाड़मेर में 41.2, सवाईमाधोपुर 41.9, जालोर में 41.4, कोटा में 41, डूंगरपुर में 40.9, करौली 40.3 तथा जयपुर में 38.7 डिग्री दर्ज हुआ।

# इंडस्ट्री रेडी स्टूडेंट मार्केट की मांग : एस.के.सिंह

**जयपुर**, (का.सं.)। वर्तमान में इंडस्ट्री रेडी स्टूडेंट मार्केट की मांग है, अब इंडस्ट्री ट्रेनिंग में खर्च करने से गुरेज कर रही है। ये कहना है राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी (आरटीयू) के वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह का। वे शनिवार को स्वामी केशवानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नॉलजी, मैनेजमैंट एवं ग्रामोथान (एसकेआईटी) में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



कांफ्रेंस का आयोजन एसकेआईटी के प्रदेश का पहला ऑटोनॉमस इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान बनने के उपलक्ष में किया गया था। इसके साथ आरटीयू से संबद्ध एसकेआईटी प्रदेश का ऐसा पहला कॉलेज बन गया है, जिसे यह ऑटोनॉमस एफिलिएशन मिला है। यूजीसी की ओर से एसकेआईटी को पिछले माह 24 अप्रेल को ऑटोनॉमस की मान्यता दी गई थी, जिस पर 2 मई को आरटीयू ने अधिकारिक रूप से मोहर लगा दी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह ने कहा कि कॉलेज की नेक ग्रेड, एनबीए एक्रेडिटेशन, लगातार 7 सालो से आरटीयू क्यूआइवी मे पहले स्थान पर रहने के साथ-साथ ही बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर समेत इंजीनियरिंग के लिए आवश्यक तमाम सुविधाओं से लबरेज होने के कारण कॉलेज को यूजीसी एवं आरटीयू से यह मान्यता मिली है। उन्होंने बताया कि इस एफिलिएशन के बाद कोर्स डिजायन संस्थान के द्वारा किया जाएगा और डिग्री आरटीयू के द्वारा ही दी जाएगी। ऑटोनॉमस मान्यता की जानकारी सांझा करने के लिए अयोजित प्रेस वार्ता को आरटीयू के वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह, कॉलेज के चेयरमैन सूरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, प्रिंसिपल रमेश कुमार पचार ने संबोधित किया।

### व्यापार के नाम पर युवक से ठगे 16 लाख

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके में व्यापार के नाम पर एक युवक से 16 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार लगजुरिया निवासी शैलेष अरोड़ा ने मामला दर्ज करवाया कि हंसराज ने स्वयं को ब्रेनटेग नींदरलैंड का प्रतिनिधि बताया और व्यापार करने के नाम पर पीडित से अलग-अलग 16.41 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उसे रुपए लौटाने के बजाय आनाकानी करने लगा। इस पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि व्यापार करने के नाम पर एक कारोबारी से 16 लाख रुपए ठगने का मामला दर्ज हुआ है। घटना को लेकर पीडित ने जानकारी ली जा रही है। इसके बाद आरोपी को पकड़ा जाएगा।

### स्मैक सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर**। आमेर पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 20.97 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक,ब्रिकी राशि के बाईस सौ रुपये सहित एक चाकू जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आमेर पुलिस और डीएसटी ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अब्दुल साहिब खान साहीब बॉस निवासी हांडी पुरा आमेर को गिरफ्तार किया।

### जे.के.जे ग्रुप के पास करोड़ों की नकदी और सोना मिला

**जयपुर**। जेकेजे ज्वैलर्स ग्रुप पर आयकर विभाग की छापेमारी शनिवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। इस रेड में लगातार चौकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। दिल्ली और जयपुर के अलग-अलग 17 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई लगातार जारी हैं, जबकि कोलकाता के चार ठिकानों पर इनकम टैक्स की कार्रवाई पूरी हो चुकी हैं। इस कार्रवाई में करोड़ों रुपये की नगदी, सोना और लेनदेन होने के चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक 30 अप्रैल को देश के तीन राज्यों में नामी-गिरामी जेकेजे ज्वैलर्स के करीब 20 ठिकानों पर इनकम टैक्स की बड़ी कार्रवाई हुई। इनमें जयपुर, दिल्ली और कोलकाता जैसे शहर शामिल हैं। इस कार्रवाई में करोड़ों रुपये की नगदी, बेहिसाब संपत्ति, सोना और हवाला के जरिए करोड़ों रुपये का लेनदेन होने की बात सामने आई हैं। इसके अलावा जेकेजे ज्वैलर्स के जोशी ग्रुप से भी आपसी लेनदेन के दस्तावेज, डिजिटल उपकरण बरामद हुए हैं। इनको इनकम टैक्स अपने कब्जे में लेकर लगातार जांच कर रही हैं। इनकम टैक्स की कार्रवाई में

- **दिल्ली और जयपुर के 17 ठिकानों पर छापेमारी लगातार पांचवे दिन भी जारी रही**

जेकेजे ज्वैलर्स के घर से 45 करोड़ रुपये की ज्वैलरी भी बरामद हुई हैं, जिसका कोई हिसाब नहीं हैं। ज्वेलरी के संबंध में इनकम टैक्स को कोई दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। इसके अलावा शोरूम पर ब्लैक मनी से खरीदा गया 114 किलो सोना भी बरामद हुआ हैं। सूत्रों की मानें तो इनकम टैक्स की ओर से जेकेजे ज्वैलर्स के यहां चौथे दिन की कार्रवाई तक 1.10 करोड़ रुपये की नगदी बरामद हुई हैं। इसके अलावा 3.5 करोड़ रुपये की नकदी को लेकर भी जांच की जा रही हैं। इनकम टैक्स को अवैध रूप से शोरूम से 114 किलो सोना भी मिला हैं, जिसको लेकर भी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पड़ताल करने में जुटा हुआ है। इस दौरान इनकम टैक्स को 400 करोड़ रुपये की नगद बिक्री की भी जानकारी आई हैं। यह बिक्री फर्जी बिलों से की जाती थी।

# विवाहिता ने सास पर 25 हजार रु. में अंडाणु बेचने का आरोप लगाया

**जयपुर**। सांगानेर सदर थाना इलाके में जांच के नाम पर एक महिला के अंडाणु (एग) बेचने के प्रयास का मामला सामने आया है। महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर 25 हजार रुपए में अंडाणु एक हॉस्पिटल को बेचने का आरोप हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि महिला के ऐग निकाले ही नहीं गए। पीड़िता ने इस मामले में चार दिन पहले दहेज प्रताड़ना के साथ मानव अंग प्रत्यारोपण का केस भी दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया कि मई 2022 में उसकी शादी हितेश (बदला हुआ नाम) से हुई थी। आटे-साटे में उसके दोनों भाइयों की भी उसकी ननदों से शादी हुई है। उसके घरवालों ने शादी में अच्छा दहेज देकर ससुराल भेजा था, लेकिन शादी के बाद से सास उसे कम दहेज को लेकर टॉर्चर कर करती रही है। दहेज के तानों से परेशान होकर पिता के साथ वह अपने पीहर आ गई। सास के रवैये के बारे में बताने पर पिता ने समझाने की कहकर मुझे शांत करवा दिया। करीब 2 महीने बाद सास व मौसा ससुर पीहर आए। दहेज की मांग को लेकर पिता के टोकने पर माफी मांग कर वापस ससुराल ले गए। वहीं, पति से उसकी बातचीत बंद है।

पीड़िता ने शिकायत में बताया कि सास से मिलने के लिए सोनिया नाम की

- **महिला ने दहेज प्रताड़ना और मानव अंग प्रत्यारोपण का मुकदमा दर्ज कराया**

महिला घर आती रहती थी। इसी साल 29 मार्च को सास ने सोनिया के साथ हॉस्पिटल जाने के लिए मुझ पर दबाव बनाया। किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पर भी हॉस्पिटल भेजने के बारे में पूछा। सास ने शरीर का चेकअप करवाने की कहकर बात दबा दी।

फिर 31 मार्च को सुबह करीब 10 बजे सोनिया सास से मिलने के लिए घर आई। सास ने फिर उस पर हॉस्पिटल जाने के लिए उस पर दबाव बनाया। सास के दबाव बनाने पर सोनिया के साथ दुर्गापुरा के आगे स्थित हॉस्पिटल चेकअप करवाने आ गई। हॉस्पिटल में टेस्ट के लिए खून निकाला गया। इस दौरान दर्द की शिकायत की। इसके बाद पेट में तेज दर्द होने पर सोनोग्राफी की गई।

घर आने से पहले डॉक्टर ने 12 दिन तक लगातार हॉस्पिटल आने के लिए कहा। पीड़िता का आरोप है कि सास ने 1 अप्रेल को दोपहर करीब 11 बजे सोनिया के साथ जबरन हॉस्पिटल भेज दिया। यहां डॉक्टर ने पेट में इंजेक्शन लगाया। पेट में दर्द होने पर डॉक्टर ने एक गोली खाने को दी।

गोली खाने पर बेहोशी छाने लगी। डॉक्टर ने कहा, दर्द थोड़ी देर में सही हो जाएगा। बेहोशी की हालत में डॉक्टर ने कुछ डॉक्युमेंट पर साइन करवा लिए। गत 4 अप्रैल तक सोनिया उसे लगातार हॉस्पिटल चेकअप के लिए ले जाती रही। हॉस्पिटल में रोज इंजेक्शन लगाए जाने लगे।

पेट में दर्द होने पर उसे खाने के लिए दवाई दे दी जाती थी, 4 अप्रैल की शाम को पिता ने उससे बात करने के लिए कॉल किया। कई बार कॉल करने के बाद भी सास ने बात नहीं करवाई। शाम करीब 7 बजे पिता ने सास को कॉल कर उससे बात करवाने के लिए कहा। पिता से बात करवाने से पहले सास ने हॉस्पिटल वाली बात बताने से मना कर दिया।

पीड़िता का कहना है कि 5 अप्रैल को सुबह ससुराल वापस नहीं जाने पर दोपहर करीब 2 बजे ननद के साथ हॉस्पिटल की नर्स घर आई। हॉस्पिटल ले जाने की कहकर घर के अंदर घुस आए। मना करने पर भी हाथ खींचकर जबरन घर के बाहर निकाल लाए। पिता के पूछने पर बोले कि हॉस्पिटल ले जाना जरूरी है, नहीं तो इसके पेट में गांठ हो जाएगी। जबरन स्कूटी पर बैठाकर ले जाने लगे। वह जोर-जोर से चिल्लाई तो पिता ने भेजने से मना कर दिया।

बार-बार हॉस्पिटल भेजने का दबाव बनाने पर झगड़ा होने लगा। हॉस्पिटल से आई नर्स ने धमकाते हुए बोला कि इसको हम जबरन लेकर जाएंगे। इसके अंडाणु बेचने का सौदा इसकी सास ने किया है। उसको 25 हजार रुपए कैश भी दिए हैं। नर्स के बताने पर उसकी बिना सहमति के अंडाणु का सौदा करने का पता चला।

### तय समय पर फ्लैट नहीं देने पर 1.61 लाख का हर्जाना

**जयपुर**। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने तय समय में फ्लैट का कब्जा नहीं देने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी यूनिक बिल्डर व रॉयल लिविंग होम्स प्रा. लि. पर एक लाख 61 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके अलावा परिवादी से वसूली गई 4 लाख 28 हजार रुपए की राशि भी नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश श्वेता अग्रवाल के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

परिवाद में कहा गया कि उसने विपक्षी बिल्डर से यूनिक जोय हाउसिंग स्कीम में 12.50 लाख रुपए का फ्लैट फरवरी 2015 में बुक कराया था। परिवादी ने बिल्डर को 4 लाख 28 हजार रुपए का भुगतान किया। इस पर बिल्डर ने चार साल में निर्माण पूरा करना बताकर उस पर एक साल का ग्रेस पीरियड लेना बताया। अवधि पूरी होने पर परिवादी ने बिल्डर से संपर्क किया तो उसने ग्रेस पीरियड में निर्माण कर कब्जा देने की बात कही। परिवाद में बताया गया कि ग्रेस पीरियड उस समय ही लागू हो सकता है, जब निर्माण में ऐसी परेशानी आए कि वह बिल्डर के वश में ना हो। जब परिवादी ने मौके पर जाकर देखा तो वहां सिर्फ ढांचा खडा था और निर्माण सामग्री भी घटिया किस्म की थी। बिल्डर ने फ्लैट का कब्जा अभी तक परिवादी को नहीं सौंपा है। इसलिए उसे हर्जाना दिलाया जाए। सुनवाई करते हुए आयोग ने बिल्डर पर हर्जाना लगाते हुए वसूली गई राशि ब्याज सहित लौटाने को कहा है।

### 74 किलो गांजे के पौधे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर, रामनगरिया और मुहाना थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। इसके अलावा तीन नामजद आरोपित फरार हो गए है। जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मौके से अवैध मादक पदार्थ (325 हरे पौधे) गांजा 74 किलो 416 ग्राम और ब्रिकी राशि एक हजार 290 रुपये भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने प्रताप नगर,रामनगरिया और मुहाना थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए पारस जैन निवासी रामनगरिया जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। वहीं पुलिस कार्रवाई के दौरान रामचंद्र,सेवाराम और तुलसाराम फरार हो गए। पुलिस ने मौके से अवैध मादक पदार्थ (325 हरे पौधे) गांजा 74 किलो 416 ग्राम और ब्रिकी राशि एक हजार 290 रुपये भी जब्त

## सार-समाचार

### जयपुर आर्ट फेयर का आगाज




**जयपुर**, (का.सं.)। कला, संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव मनाने के लिए, फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) जयपुर चैप्टर द्वारा जयपुर आर्ट फेयर का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आज से शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन महाराज कुमार डॉ. लक्ष्यराज सिंह ऑफ मेवाड़ ने किया। इस अवसर पर, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन, रघुश्री पोद्दार ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह ऑफ मेवाड़ के साथ प्रिजर्वेशन ऑफ हेरिटेज आर्ट एंड कल्चर इन उदयपुर विषय के साथ द लिगेसी एंड डायनेस्टी ऑफ द ग्रेट किंग-महाराणा प्रताप पर एक इंटरैक्टिव टॉक का संचालन किया। अपने संबोधन में, 8 बार के प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक, मेवाड़ के डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने विरासत, कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपने परिवार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। अपनी महान वंशावली और महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप और बप्पा रावल जैसे दिग्गजों के वंशज होने के बावजूद, उन्होंने विनम्रतापूर्वक रॉयल्टी के लेबल को अस्वीकार कर दिया। इस पर दर्शकों ने पूरे उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर, रघुश्री पोद्दार ने बताया कि आर्ट फेयर का उद्देश्य आर्टीजंस को सशक्त बनाना, उनकी आवाज को बुलंद करने और उनकी शिल्प की प्रतिभा को प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि एक निर्यातक के रूप में 18 वर्षों तक कला और शिल्प के क्षेत्र में काम करने के बाद, मैं युवा पीढ़ी को अपने पारिवारिक व्यवसाय को अपनाने और राजस्थान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही हूं।

### वेड इन इंडिया एक्सपो का उद्घाटन आज

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर में कल पर्यटन से संबंधित दो बड़े कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। पहला, होटल रामबाग पैलेस में सुबह 10.30 बजे से एक दिवसीय वेड इन इंडिया एक्सपो का आयोजन होगा। वहीं शाम को शाम 7 बजे से द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) के 13वें संस्करण का उद्घाटन जयमहल पैलेस में होगा। रामबाग पैलेस में वेड इन इंडिया एक्सपो के उद्घाटन समारोह में राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव, गायत्री राठौड़ और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, आईएएस, मनीषा सक्सेना संबोधित करेंगीं। एक्सपो में विभिन्न प्रकार की पैनल चर्चाएं होंगी, जिनमें इंडिया अवेट्स यू: इवेल्यूएटिंग द रेडीनेस ऑफ इंडियाज वेडिंग इकोसिस्टम टू फेस इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन, लोकल बट ग्लोबल: इंडिया इन द न्यूज; सेशन विथ इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर्स एंड गेटिंग इन्सपायर्ड: एनालायजिंग सक्सैस स्टोरीज एंड चैलेंजेस जैसे विषय शामिल हैं।

### समर कैम्प में सिखायेंगे लाइफ स्किल्स

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर के बच्चों के लिए भरतमुनि और रामायण के मूल्यों पर समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जहां उन्हें लाइफ स्किल्स, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर ट्रेनिंग देने के साथ ही कला के विभिन्न पहलू भी सिखाए जाएंगे। मौक़ा होगा एक्ट टू एक्शन और शांति जूनियर्स की ओर से जयपुर समर कैम्प के आयोजन का। इसी कड़ी में शनिवार को इस कैम्प का पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान एक्ट टू एक्शन से कृतेश अग्रवाल और शांति जूनियर्स से विकास अग्रवाल सहित नन्हें कलाकारों ने कार्यक्रम में शिरकत की। अड़ानी ग्रीन्स के विज्ञापन में जल्द दिखने वाले जयपुर से चाइल्ड आर्टिस्ट शौर्य पटेल, रुद्र, देवज्ञ कुमावत, साथ ही नीतेश तिवारी द्वारा निर्मित रामायण में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे राजस्थान के धनिष्क दाधीचि और बहुत से जाने-माने चाइल्ड आर्टिस्ट इस मौक़े पर उपस्थित रहे। कैम्प के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कृतेश अग्रवाल ने बताया कि ये समर कैम्प 19 मई से 1 जून तक जयपुर के 6 अलग-अलग सेंटर्स गांधीपथ, श्याम नगर, प्रताप नगर, पत्रकार कॉलोनी, शास्त्री नगर, मालवीय नगर में आयोजित होगा। जहां बच्चों को एक ही छत के नीचे आर्ट, कल्चर, एक्टिंग, रीडिंग, लिस्निंग, योगा सहित माइंड और सोल के डेवलपमेंट के लिए विभिन्न एक्टिविटीज़ करवाई जाएगी।

### हज प्रशिक्षण-ट्रेनिंग कैम्प आज

**जयपुर**, (का.सं.)। इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण अरकान हज और उमराह के लिए इस वर्ष मक्का मदीना जाने वाले करीब सैकड़ों यात्रियों का ट्रेनिंग कैंम्प रविवार को सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर के तत्वाधान में शहर के हिरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़गंज में आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षक मौलाना सैय्यद मोहम्मद क़ादरी हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकानों के बारे में विस्तार से बताएंगे। यह शिविर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रज़वी साहब की सरपरस्ती व मुफ्ती इरफान मरकज़ी साहब की निगरानी में आयोजित किया गया मुफ्ती गुफरान व मौलना राशिद मिस्बाही और दिगर औलामा इसमे शिरकत करेंगे। सुन्नी दावते इस्लामी व नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति के सदस्य हाजी हसीन अहमद व हाजी हामिद बैग साहब ने बताया सोसायटी की ओर से इस वर्ष का जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हज व उमराह यात्रा पर जाने वाले महिला पुरुषों का प्रशिक्षण शिविर शहर के हिरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़गंज पर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा।

### सेंट्रल पार्क में हंसी के ठहाके आज

**जयपुर**, (का.सं.)। विश्व हास्य दिवस के अवसर पर गुरुकुल योग संस्थान की ओर से 5 मई को सेंट्रल पार्क में हास्य का कार्यक्रम आयोजित होगा। गुरुकुल योग संस्थान के मुख्य संरक्षक राजू मंगोड़ी वाले ने बताया कि इसमें जयपुर के कई नामी हास्य कलाकार जयपुर वालों को हंसाने आएंगे जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने जयपुर का नाम रोशन किया है । योग गुरु महेंद्र सिंह ने बताया कि संस्थान हास्य के इस कार्यक्रम को पिछले 20 सालों से आयोजित कर रहा है।